कायालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 420 /12–1 :देहरादून:दिनांकः 01/9/ ~~अगस्त~~, 2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय,
25, सुभाष रोड़, देहरादून।

विषयः– रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत चौपड़ा उड़ामाण्डा (पी0एम0जी0एस0वाई0) मोटर मार्ग से बनवालधार (जरम्वाड़) होते हुये बैंजी काण्डई (अनु0 बस्ती) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.350 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/155241/2022)

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगतनीय है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र संख्या–8बी0/यू0सी0पी0/06/56/2023/एफ0सी0/340 दिनांक 13–06–2023 के द्वारा निर्गत EDS की सूचना वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी के पत्रांक 382/12–1 दिनांक 16.08.2023 के द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, जिसे निम्नानुसार संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है :–

क्र.सं.	आपत्ति	उत्तर
1	प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित ग्राम पूर्व से ही एक मौजूदा मार्ग (existing road) से जुडे हुये हैं। अतः प्रस्ताव औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित मार्ग (जो कि लाभान्वित ग्राम को connectivity प्रदान करने के लिये दूसरा मार्ग होगा) की आवश्यकता का औचित्य प्रस्तुत करने का कष्ट करें।	वन संरक्षक द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग द्वारा अपने पत्रांक 4283/12–1(2) दिनांक 30.06.2023, पत्रांक 475/12–1(2) दिनांक 05.08.2023 एवं प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि–बैंजी काण्डई ग्राम सभा का एक छोर कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से संयोजित है, परन्तु उक्त मोटर मार्ग के किमी0 2 में अत्यधिक भूस्खलन होने से यह मोटर मार्ग ज्यादातर बाधित रहता है। उक्त भूस्खलन क्षेत्र की लम्बाई अधिक होने के कारण इसका उपचार किया जाना सम्भव नहीं है। (भस्खलन जोन को गूगल मैप में अक्षांश व देशान्तर सहित दर्शाया गया है व लाईन प्लान संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। भूस्खलन जोन के अक्षांश व देशान्तर निम्नवत है :–Starting point 30°21′9.68"N, 79°6′5.85"E, End point 30°21′8.37"N, 79°5′57.09"E,) अतः इस मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने से यह कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से चोपड़ा उडामाण्डा मोटर मार्ग पर एक लिंक मार्ग का कार्य करेगा, जिससे मोटर मार्ग के किमी0 2 में बाधित होने के उपरान्त भी आपातकाल की परिस्थिति में उक्त मोटर मार्ग से संयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को लाभ प्राप्त होगा। साथ ही बैंजी काण्डई गांव की अनुसूचित बस्ती को भी संयोजकता प्रदान करेगा, जो कि अभी तक मोटर मार्ग से वंचित है। यह भी अवगत कराना है कि इस क्षेत्र की जनता का मुख्य बाजार गौचर (चमोली) है, जिसकी दूरी लगभग 42 किमी0 है। इस लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने के उपरान्त यह दूरी मात्र 12 किमी0 ही रह जायेगी। जिस हेतु जनता द्वारा बार–बार इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही है। अतः जनहित में इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि की स्वीकृति नितान्त आवश्यक है।

अतः प्रभागीय वनाधिकारी/वन संरक्षक द्वारा प्रेषित प्रतिउत्तर के क्रम में विषयांकित प्रकरण पर यथोचित कार्यवाही किये जाने पर विचार करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,
29/8/23
(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या– 420 /12–1 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।